5. विकलांग बच्चे शिक्षा की मुख्य धारा से जुड़ सके इसके लिये उन्हें आवश्यक उपकरण जैसे कैलीपर, सुनने की मशीन, चश्मे तथा अत्यावश्यक वस्तुओं को डाक्टर की सलाह के अनुरूप उपलब्ध कराया जायेगा।
6. विकलांग बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण होगा तथा उन्हे स्वस्थता कार्ड दिये जायेगें।

आवश्यक सहायता /उपकरण

क्र म	सहायता का प्रकार	अरॉव	शिको0	मदनपुर	अरसाना	एका	खैरगढ़	नारखी	फिरो0	टूण्डला	न0क्षे0 फिरो0	न0क्षे0 शिकोहाबाद
1	कंपोज	42	39	32	25	41	36	42	25	31	52	38
2	W/C & T/C	63	49	67	25	44	39	39	27	65	48	36
3	कैलिपर्स	49	69	52	26	51	56	42	32	49	36	42
4.	श्रवण यन्त्र	32	36	37	42	44	32	26	43	33	32	29
5	ब्रेल	11	13	22	20	09	18	21	18	21	19	21
6	विशिष्ट विद्यालय	64	45	38	24	15	24	32	42	32	42	36
7	विशिष्ट शिक्षक	64	45	54	24	17	23	46	41	45	46	45
8	गतिशील शिक्षक	18	13	16	46	27	11	23	16	18	28	19

समेकित शिक्षा हेतु त्रिस्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जायेगें--

1 <u>मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण:-</u> इसमें जनपद स्तर पर प्रति ब्लाक 4 मास्टर ट्रेनर के हिसाब से ट्रेनर प्रशिक्षित किये जायेगें, जिनका प्रशिक्षण विभिन्न संस्थाओं के विशेषज्ञ अथवा अन्य राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ द्वारा किया जायेगा प्रशिक्षण की अवधि तथा चक्रों का निर्धारण विशेषज्ञों के सुझाव के अनुसार किया जायेगा।
2 <u>ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण:-</u> जनपद स्तर पर प्रशिक्षित चार मास्टर ट्रेनर द्वारा विकास खण्ड स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। समेकित शिक्षा के अनुश्रवण हेतु सम्बन्धित सहायक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, ब्लाक तथा न्याय पंचायत संसाधन केन्द्र के समन्वयक को भी प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।
3 <u>सम्वेदन शीलता का प्रशिक्षण :-</u>
विकलांग बच्चो के प्रति सम्वेदनशीलता का विकास करने हेतु दो दिवसीय सम्वेदन शीलता का विकास करने हेतु दो दिवसीय सम्वेदन शीलता प्रशिक्षण कार्यक्रम विकास खण्ड स्तर पर चलाये जायेंगे, जिसमे ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यो को प्रशिक्षित किया जायेगा।

<u>विश्लेषण:-</u>

विश्लेषण मे से तथ्य उभरकर सामने आये है कि अक्षम बच्चो की शिक्षा के संबध मे अनेक भ्रान्तियाँ है। बहुत से अध्यापकों का विश्वास है कि अक्षम बच्चो की शिक्षा के लिए विशेष तकनीक की आवश्यकता होती है।

विकलांग बच्चों को पढाने के लिए विशेष तकनीक की आवश्यकता नहीं होती, केवल अध्यापक को कुछ बातो का ध्यान रखना आवश्यक होता है। विशेष प्रकार की आवश्यकता केवल उन बच्चों के लिए होती है जिनकी विकलांगता असाध्य या गम्भीर रूप धारण कर चुकी होती है।

समेकित शिक्षा कार्यक्रम का सुदृढ़ीकरण



आवश्यकताएँ / कार्य योजना:–

समेकित शिक्षा को प्रभावी बनाने के लिए प्रथम कारक संवेदीकरण है। संवेदीकरण हेतु सबसे पहला बिन्दु दृष्टिकोण परिवर्तन का है। इस हेतु समुदाय , परिवार एवं शिक्षकों के दृष्टिकोण में परिवर्तन लाने हेतु प्रशिक्षण दिया जायेगा।

संवेदीकरण:–

1. समुदाय का संवेदीकरण:–

इसके अन्तर्गत जन समुदाय की भ्रान्तियों को दूर किया जायेगा , तथा उनमें विकलांगता के प्रति जागरुकता बढाया जायेगी साथ ही ऐसे बच्चों को स्कूलों में लाने के प्रेरित किया जायेगा।इस हेतु गोष्ठी , कार्यशाला एवं प्रचार के माध्यम का उपयोग किया जायेगा।

2. सामुहिक जनसम्पर्क करके परिवार का मार्गदर्शन किया जायेगा। विकलांगता अभिशाप नहीं है। हमें दया के बजाय सहयोग करने की भावना विकसित करनी चाहिए। जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें।

3. अध्यापकों का संवेदीकरण:--

इसके अन्तर्गत उन्हें इस तथ्य से अवगत कराया जायेगा कि ऐसे बच्चों के विकास में आपकी अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका है। इस हेतु ट्रेनिंग प्रोग्राम्स तथा कार्यशाला आयोजित की जायेगी। संवेदीकरण का मुख्य उद्देश्य दृष्टिकोण परिवर्तन का है।

छात्र स्वास्थ्य परीक्षण :--

1 ब्लाक स्तर के चिकित्सा अधिकारियों को मुख्य सफलताओं के बारे में अवगत कराया जायेगा। अंतरक्षेत्रीय सहयोग के लिए प्रयास किया जायेगा। बैठक के माध्यम से जॉच दल का चुनाव किया जायेगा।

2. चिकित्सा दल चुने हुए स्कूल के अध्यापक-- अध्यापिका के साथ मिलकर छात्रों की जॉच पर विचार-विमर्श कर अंतर क्षेत्रीय सहयोग के माध्यम से किया जायेगा।

3 तकनीकी कर्मचारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा चुने जायेगे।

4 बच्चों के स्वास्थ्य रिपोर्ट की रिकार्डिंग सत्यापित की जायेगी।

5 विकलांग बच्चों का चिन्हांकन किया जायेगा।

उपकरण एवं उपस्कर :--

सक्षम बच्चों की विकलांगता प्रमाणपत्र, उपकरण एवं उपस्कर की आवश्यकता ज्ञात करने तथा उपलब्ध कराने के लिए बच्चों का डाक्टरों की टीम, जिसमें एक आर्थोपेडिक सर्जन एक ई०एन०टी० डाक्टर एवं आई स्पेशलिस्ट हो, द्वारा मेडिकल असेसमेंट कराया जाता है फिर आवश्यकतानुसार उपकरण एवं उपस्कर की आपूर्ति करानी होगी उपकरण एवं उपस्कर की आपूर्ति विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से की जायेगी। इसके लिए निम्न संस्थाओं से सम्पर्क किया जायेगा।

1 क्षेत्रीय विकलांग पुनर्वास केन्द्र, सरोजनी नगर, लखनऊ

2 राष्ट्रीय दृष्टि एवं विकलांग संस्थान, 116 राजपुर रोड, देहरादून

3 मगजम, ए-445, इंदिरा नगर लखनऊ

4 विकलांग जन संस्थान, 4, विष्णु दिगम्बर मार्ग नई दिल्ली- 110002

5 राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान मनोविकास नगर, सिकन्दराबाद

अध्यापकों का सेवारत प्रशिक्षण :-

अध्यापकों के सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रम में समेकित शिक्षा का विन्दु विशेष रूप से लिया जायेगा। सक्षम विकलांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ शिक्षा देने की विधा पर बल दिया जायेगा। समेकित शिक्षा के लिए प्राथमिक अध्यापकों को 05 दिन का प्रशिक्षण दिया जायेगा। उन अध्यापकों को प्रशिक्षित करने के लिए प्रति विकास खण्ड 4-4 मास्टर ट्रेनर्स का चयन किया जायेगा और इन मास्टर ट्रेनर्स को 10 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जायेगा।

शिक्षकों के लिए साहित्य सामग्री का विकास :--

शिक्षकों के लिए साहित्य का मुद्रण कराया जाएगा जिसमें शिक्षकों के लिये हस्त पुस्तिका व विभिन्न विकलांगताओं जैसे दृष्टि, श्रवण, अस्थि एवं मानसिक विकलांगता पर फोल्डरों का मुद्रण कराया जायेगा। ग्राम शिक्षा समिति एवं शिक्षकों के प्रशिक्षण माड्यूल में विकलांगता की जानकारी पर बल दिया जायेगा।

शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए विकसित प्रशिक्षण माड्यूल और सामग्रियों में निम्नलिखित पक्षों का समावेश किया जायेगा।

1 विकलांगता वाले बच्चों का कार्यात्मक आकलन।

2 विकलांग बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को समझना।

3 इन बच्चों के समूहों के लिए शिक्षण रणनीति विकसित करना।

4 कक्षा बच्चों, इनके अभिभावकों और समुदाय के सदस्यों को परामर्श और मार्गदर्शन।

5 विकलांग बच्चो के आवश्यकताओं के सम्बंध में अन्य बच्चों मे जागरूकता उत्पन्न करना।

स्वयं सेवी संस्थाओ की भागीदारी :-

विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा के लिए तकनीकी सहायता देने हेतु ऐसी स्वय सेवी संस्थाओं की भागीदारी ली जाती है। जो विशिष्ट आवश्यकताओ वाले बच्चो की शिक्षा के लिए कार्य कर रही है और निम्न पात्रताऐं रखती हो।

1 संस्था / सोसाइटी रजिस्ट्रेशन के अर्न्तगत कम से कम तीन वर्ष पूर्व रजिस्टर्ड हो ।

2 संस्था के पास विकलांगता के क्षेत्र मे विशेषज्ञ की उपलब्धता।

3 विकलांगता के क्षेत्र में कार्य करने का कम से कम दो वर्ष का अनुभव ।

4 संस्था विकलांग जन अधिनियम 1995 की धारा 51 के अर्न्तगत पंजीकृत हो।

विकलांग बच्चों की सर्वेक्षण आख्या

जनपद का नाम :- फिरोजाबाद

क्र०	विकास खण्ड नाम	बालक	बालिका	कुल	0–3 बालक	0–3 बालिका	3–6 बा	3–6 बालि	6–11 बा	6–11 बालि	11–14 बा	11–14 बालि	विद्यालय में बा	विद्यालय में बालि	विद्यालय से बाहर बा	विद्यालय से बाहर बालि	दृष्टि बा	दृष्टि बालि	अस्थि बा	अस्थि बालि	श्रवण एवं वाणी बा	श्रवण एवं वाणी बालि	मानसिक बा	मानसिक बालि	अन्य बा
1	फिरोजाबाद	[illegible]	197	407	03	[illegible]	05	07	118	95	83	90	172	129	29	59	34	39	87	86	39	35	[illegible]	40	[illegible]
2	शिकोहाबाद	[illegible]	206	476	02	[illegible]	03	05	134	117	131	76	189	127	76	66	39	32	107	85	43	37	[illegible]	36	[illegible]
3	टूण्डला	[illegible]	[illegible]	343	--	[illegible]	04	02	[illegible]	72	[illegible]	92	134	122	38	42	[illegible]	21	91	72	22	27	41	34	[illegible]
4	[illegible]	[illegible]	[illegible]	[illegible]	01		07	05	97	75	[illegible]	95	139	124	34	50	26	[illegible]	[illegible]	85	22	31	36	32	04
5	जसराना	[illegible]	[illegible]	[illegible]	--		03	05	63	[illegible]	[illegible]	77	131	[illegible]	34	50	20	[illegible]	[illegible]	[illegible]	27	29	[illegible]	33	11
6	मदनपुर	[illegible]	[illegible]	374	08	[illegible]	--	06	93	[illegible]	[illegible]	90	137	134	36	69	21	31	91	85	22	36	[illegible]	37	02
7	अरांव	230	208	435	--	--	04	03	122	113	104	92	177	130	49	75	23	34	121	87	41	39		38	10
8	नारखी	[illegible]	180	362	--	[illegible]	02	01	107	90	[illegible]	86	136	121	44	55	30	23	84	90	33	20	38	43	04
9	एका	[illegible]	145	301	02	[illegible]	11	06	81	70	61	69	128	086	14	51	14	11	76	79	28	29	27	20	10
10	न० क्षे० फि०	[illegible]	131	269	03	[illegible]	03	06	56	52	[illegible]	62	124	089	03	35	[illegible]	09	63	[illegible]	26	32	25	11	[illegible]
11	न० क्षे० शि०	[illegible]	135	279	-	[illegible]	09	[illegible]	70	[illegible]	52	54	103	[illegible]	29	35	[illegible]	14	52	[illegible]	30	26	26	30	[illegible]
	योग	2035	1915	3950	15	15	59	57	1057	955	905	886	1570	1255	391	577	251	251	937	[illegible]	343	341	395	354	[illegible]

अध्याय–9

गुणवत्ता सम्बर्धन

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम फेज–II के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद का चयन अन्य 15 जनपदों (जो बाद में पुर्नगठन के बाद 18 हो गये) के साथ किया गया था। परियोजनावधि सितम्बर 1997 से 31 दिसम्बर 2002 है। जनपद फिरोजाबाद को छोड़कर अन्य जनपदों का चयन न्यून महिला साक्षरता दर (राष्ट्रीय महिला साक्षरता दर 29.2% के सापेक्ष) के आधार पर हुआ था जबकि जनपद फिरोजाबाद का चयन यहाँ के काँच उद्योग में बालश्रमिकों के अधिसंख्यक संलग्नता के आधार पर किया गया है। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के उद्देश्यों यथा–

- लिंग तथा विभिन्न सामाजिक वर्गों के बीच नामांकन, शालात्यागी (ड्रापआउट) और अधिगम सम्प्रति के अन्तर को 5% तक कम करना
- प्राथमिक स्तर पर समस्त शालात्यागी बच्चों की दर 10% तक कम करना
- भाषा तथा गणित की दक्षताओं में 25% तथा अन्य विषयों की दक्षताओं की समप्राप्ति में औसतन 40% तक वृद्धि लाना
- औपचारिक तथा वैकल्पिक शिक्षा व्यवस्था द्वारा सभी बच्चों की शिक्षा व्यवस्था

के सन्दर्भ में सर्वप्रथम वर्ष 1997 में जनपद फिरोजाबाद का बेस लाइन अध्ययन सर्वेक्षण (B.S.A.) सम्पन्न कराया गया और आँकड़ों के विश्लेषण के उपरान्त प्राप्त निष्कर्षों उपरान्त व्यापक सेवारत प्रशिक्षण प्रारम्भ हुए। ब्लाक स्तर पर संसाधन केन्द्र समन्वयक/सहसमन्वयक तथा न्यायपंचायत स्तर पर न्यायपंचायत संसाधन केन्द्र समन्वयक का चयन। नियुक्ति निर्धारित चयन प्रक्रिया अपनाकर की गई। आशय शिक्षकों को उनके कार्यस्थल पर ही सहयोग और शैक्षिक अनुसमर्थन हेतु योजनान्तर्गत शक्तीकरण किया जाना था। बी.आर.सी. समन्वयकों/सहसमन्वयकों तथा न्याय पंचायत समन्वयकों को उनके कार्य एवं दायित्व के सम्बद्ध में पाँच द्विवसीय विशद प्रशिक्षण दिया गया तथा तदुपरांत प्रतिवर्ष माह फरवरी/मार्च में वार्षिक कार्ययोजना निर्माण एवं अकादमिक पर्यवेक्षण में 3 दिवसीय कार्यशालाएं आयोजित

की जाती रही है जिससे डायट की क्षेत्रीय इकाइयों के अभिकर्मी नियमित विद्यालय भ्रमण कर क्रिया आधारित पाठों का प्रस्तुतीकरण (विशेषरूप से पाठ्यपुस्तकों के कठिन स्थलों से सम्बन्धित), विद्यालयों तथा न्याय पंचायत संसाधन केन्द्रों का भौतिक तथा अकादमिक पक्षों के आधार पर नियमित श्रेणीकरण कर सकें एवं बी.आर.सी. । एन.पी.आर.सी. स्तर पर ऐजेण्डानुसार शिक्षकों की समस्याओं का समाधान (आपसी वार्तालाप और सहभागिता द्वारा) और इस तरह प्राथमिक विद्यालयों का नियमित गुणवत्ता आधारित अनुश्रवण कर सकें। उपरोक्त सभी कार्य सम्बन्धित अभिकर्मियों द्वारा डायट ब्लाक मेण्टर के निर्देशन में प्राथमिक स्तर की शिक्षा की गुणवत्ता सम्वर्द्धन हेतु नियमित रूप से किये जाते रहे हैं। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम में मुख्य बल प्राथमिक शिक्षा पर ही रहा है अतः कतिपय अन्य क्षेत्र अनाच्छादित रहे है, जिन्हें अपेक्षित सहयोग और समर्थन नहीं दिया जा सका है।

1. जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम मूलतः प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम है जिसमें मुख्य बल 6-11 वय वर्ग की बच्चों की शिक्षा पर रहा है, उच्च प्रा० वि० (जिन्हें अब पूर्व माध्यमिक विद्यालय कहा जाता है) की अकादमिक आवश्यकताओं पर उच्च प्रा० वि० के शिक्षकों के एस०ओ०पी०टी० गणित प्रशिक्षण के अतिरिक्त पूरा ध्यान नहीं दिया जा सका है।

2. इसी प्रकार मान्यता प्राप्त अशासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय तथा माध्यमिक विद्यालयों तथा इण्टर कॉलेजों के साथ संचालित कक्षा 1-5 व 6 से 8 के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं कठिनाइयों के निवारण/गुणवत्ता सम्वर्द्धन एवं सम्बन्धित शिक्षकों के प्रशिक्षण आदि के विषय में जनपद में अभी कुछ नहीं किया जा सका है।

3. जनपद फिरोजाबाद की बाल श्रमिक समस्या के परिप्रेक्ष्य में बालश्रमिकों (वय वर्ग 6-14) की समुचित शिक्षा व्यवस्था तथा सम्प्रति यहाँ संचालित 65 बालश्रम विद्यालयों (जो विभिन्न एन०जी०ओ० तथा राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना से आच्छादित है) के बच्चों तथा कार्यरत शिक्षकों/अनुदेशकों की कठिनाइयों को दूर करने हेतु इन्हें शैक्षिक अनुसमर्थन/पर्यवेक्षण तथा अनुश्रवण की परिधि में नहीं लाया जा सका है और न ही इन विद्यालयों के अकादमिक स्टाफ के सदस्यों/अनुदेशकों की कठिनाइयों को दूर करने हेतु विशिष्ट प्रशिक्षण के विशिष्ट पैकेज की ही व्यवस्था की जा सकी है।

4. जनपद फिरोजाबाद के नगरीय क्षेत्र - फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, टूण्डला तथा इनसे जुड़े अर्द्धनगरीय क्षेत्र कॉच उद्योग से संलग्न बालश्रमिकों की अनुमानित संख्या 50,000 है।

- जनपद फिरोजाबाद में सरकारी संस्था यू०पी० डेस्को द्वारा कराये गये सर्वेक्षण में बालश्रमिकों की कुल जनसंख्या (खतरनाक व गैर खतरनाक में संलग्न को मिलाकर) 12,942 है।

- माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार श्रम विभाग द्वारा कराये गये सर्वेक्षण के अनुसार (अप्रैल 03-20, 1997 व अप्रैल 24-मई 20 1997) द्वारा कुल संलग्न बाल श्रमिकों की संख्या 5,011 है।

- अभी तक जनपद फिरोजाबाद में बाल श्रमिकों की वास्तविक संख्या ज्ञात करने हेतु किसी भी संस्था द्वारा (डोर टू डोर) सर्व आयोजित नहीं किया जा सका है। प्रयास अनेकों बार किये गये हैं परन्तु कठोर श्रम कानूनों और नियोजकों के प्रति अर्थ दण्ड के प्रावधानों के चलते इनकी सही संख्या का अनुमान लगाना अत्यन्त दुसाध्य है।

तालिका

परिषदीय प्राथमिक विद्यालय/ उच्च प्राथमिक विद्यालय

क्रम संख्या	ब्लाक / नगर क्षेत्र	प्राथमिक विद्यालय		उच्च प्राथमिक विद्यालय	
		कुल विद्यालय	कुल अध्यापक	कुल विद्यालय	कुल अध्यापक
1.	अरांव	87	195	15	34
2.	एका	102	193	18	24
3.	जसराना	80	184	13	24
4.	खैरगढ़	[illegible]	227	19	45
5.	मदनपुर	[illegible]	246	28	48
6.	शिकोहाबाद	56	257	21	38
7.	फिरोजाबाद	128	404	26	101
8.	टूण्डला	95	318	18	58
9.	नारखी	101	304	17	50
10.	न.क्षे. फिरो./ शिको.	55	118	6	24
	योग	973	2446	181	422

विद्यालय पूर्व शिक्षा :-

प्राथमिक शिक्षा में गुणवत्ता सम्वर्द्धन का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु बालिका शिक्षा के लिए सही प्रयास करना हमारी प्राथमिकता है। प्रायः देखा जाता है कि ग्रामीण अंचल की बालिकाएँ खेती, गृहकार्य आदि में व्यस्त रहती हैं। तथा शहरी क्षेत्र की निम्न आयवर्ग की महिलाएँ काँच चूड़ी आदि कार्यों में अपनी बालिकाओं को अर्थोपार्जन की दृष्टि से व्यस्त रखती हैं। अतः इस प्रकार की बालिकाएँ प्रायः विद्यालय प्रवेश से वंचित रह जाती है। उपरोक्त दोनों स्थितियों के अतिरिक्त विद्यालय जाने वाले वय वर्ग की बालिकाओं पर अपने छोटे भाई बहनों की देखभाल का भी भार होता है। शासन के निर्देशानुसार प्रारम्भिक बाल देख-रेख एवं शिक्षा योजना के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालयों में ही ई०सी०सी०ई० केन्द्र संचालित किये जा रहे हैं जिससे इस तरह की बालिकाएँ विद्यालय में पढ़े और उनके छोटे भाई बहन संलग्न केन्द्र से जुड़ जायें।

यह कार्यक्रम छोटे-छोटे शिशुओं की प्राथमिक शिक्षा की तैयारी का कार्यक्रम भी कहा जा सकता है

- शिशु के जीवन काल के प्रथम 6 वर्ष निर्णायक होते हैं और इस काल में विकास की गति इतनी तीव्र होती है उतनी किसी अन्य वय वर्ग को नहीं।
- शिशु में चिन्हित क्षमताओं के पूर्ण विकास के लिए एक प्रेरक वातावरण की जरूरत होती है। प्रेरक वातावरण से तात्पर्य ऐसे वातावरण से है जो बालक को :-
  - विविध प्रकार के अनुभवों, वस्तुओं तथा स्थानों से परिचित करायें तथा उनके साथ प्रयोग करने के अवसर दें।
  - वयस्कों, समवयस्कों तथा अन्य लोगों के साथ अर्थपूर्ण तथा लाभकारी अन्तःक्रिया करने के अवसर दें।
  - संवेगात्मक सुरक्षा तथा सहायक वातावरण दें।

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम स्थानीय विशेषताओं का समादर करते हुये विकेन्द्रीकृत नियोजन पर बल देता है, जिसमें सक्रिय सामुदायिक सहभागिता परमावश्यक है। हॉलाकि पिछले कुछ वर्षों में विद्यालयीय शिक्षा का व्यापक फैलाव हुआ है। तथा देश की 90 प्रतिशत आबादी को एक किमी. की परिधि में प्राथमिक विद्यालय उपलब्ध है, फिर भी विभिन्न राज्यों में 35 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत विद्यालय जाने वाली वयवर्ग के बच्चे प्राथमिक शिक्षा से वंचित हैं और ये बच्चे समाज के उस अपवंचित वर्ग से आते हैं जो उन्हें बाल श्रमिक के रूप में विद्यालय के समय में बाल श्रम की विभिन्न औद्योगिक व व्यावसायिक प्रक्रियाओं में व्यस्त रखता है। इन बच्चों में अधिकांश बालिकायें हैं जो हमारे समाज का "लिंग के आधार पर पार्थक्य का वीभत्स चित्रण है।

प्राथमिक शिक्षा से वंचित रहने वाली बालकों की यह श्रेणी बहु-आयामी है। इस श्रेणी के बच्चों में से बाल श्रमिकों तथा गलियों में घूमने वाले आवारा बच्चे (स्ट्रीट चिल्ड्रन) हैं। डी. पी.ई.पी. के वैकल्पिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत विद्यालय से दूर रहने वाले ऐसे बच्चों को गुणवत्तापरक प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध करने की चुनौती को एक समेकित प्रयास के रूप में स्वीकारा गया है।

अपवंचित वर्ग के बच्चों को विशेष रूप से इस दिशा में कोई सुविधा नहीं मिल पाती। पढ़े लिखे न होने से इस वर्ग के माता-पिता प्रभावी ढंग से बच्चों से अन्तःक्रिया नहीं कर पाते और उनके मानसिक विकास तथा भाषायी कौशलों के विकास में योगदान नहीं दे पाते। ऐसे बच्चों के शारीरिक मानसिक भाषा सम्बन्धी संवेगात्मक विकास के लिए ई.सी.सी.ई. केन्द्र प्रेरक अनुभव देता है। जनपद फिरोजाबाद में प्रारम्भिक बाल देखरेख एवं शिक्षा योजना 5 ब्लाकों में संचालित है जिनमें प्रशिक्षित कार्यकत्रियों कार्य कर रही हैं जनपद फिरोजाबाद में ई.सी.सी. ई. केन्द्रों की प्रभावकारिता को दृष्टिगत रखते हुए विद्यालय पूर्व शिक्षा सुविधा के विस्तर की अत्यन्त आवश्यक है।

तालिका : ई. सी. सी. ई. केन्द्र

	ब्लाक का नाम	कुल केन्द्र	प्रशिक्षित कार्यकत्रियों की सं.
प्रथम चक्र में चयनित केन्द्र सं.	खेरागढ़	28	27
	एका	23	23
	फिरोजाबाद	34	34
द्वितीय चक्र में चयनित केन्द्र सं.	टूण्डला	41	39
	शिकोहाबाद	49	47
योग		175	170

<u>बालश्रमिक, वैकल्पिक शिक्षा</u> :

जनपद फिरोजाबाद की यह विडम्बना है कि यहाँ विद्यालय जाने वाले आयु के मलिन बस्तियों तथा निम्न आयवर्ग के अधिकांश बच्चे काँच कारखानों तथा तत्सम्बन्धी रोजगार परक अनेकानेक खतरनाक और गैर खतरनाक प्रक्रिआओं में बाल श्रमिक के रूप में प्रतिदिन संलग्न नियोजित किये/कराये जाते है और इस तरह उन्हें अनिवार्य प्रारम्भिक शिक्षा से वंचित रखा जाता है। इस असामाजिक, घृणित कृत्य / अपराध को रोकने में भारत सरकार के विभिन्न श्रम अधिनियमों तथा संविधान के प्राविधानों सम्प्रति निरर्थक सिद्ध हो रहे। उ०प्र० डी०पी०ई०पी० फेज ।। में शामिल किये गये 18 जनपदों में से जनपद फिरोजाबाद काँच के कारखानों में बालश्रमिकों की संख्या सर्वाधिक है तथा श्रम विभाग तथा विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के प्रयासो के बावजूद इन बालश्रमिकों की प्रारम्भिक शिक्षा की कोई सर्वमान्य वैकल्पिक शिक्षा सुनिश्चित नहीं की जा सकी है। जनपद फिरोजाबाद में 35% से लेकर 50% तक विद्यालय जाने वाले वय वर्ग के बच्चे प्राथमिक शिक्षा से वंचित है और ये बच्चे समाज के उस अपवंचित वर्ग से आते है जो उन्हें बाल श्रमिक के रूप में विद्यालय के समय में बाल श्रम की विभिन्न औद्योगिक व व्यवसायिक प्रक्रियाओं में व्यस्त रखता है। इन बच्चों में अधिकांशतः अल्प संख्यक वर्ग (मुस्लिम) बालिकायें

है जो हमारे समाज का लिंग के आधार पर पार्थक्य का वीभत्स चित्रण है। प्राथमिक शिक्षा से वंचित रहने वाले बालकों की यह श्रेणी बहुआयामी है इस श्रेणी के बच्चो में से घर में बंद दरवाजे के अन्दर कॉच की चूड़ी का काम करने वाले असंगठित क्षेत्र के हैं और कभी भी आधिकारिक अनुमानों में असंगठित क्षेत्र के बालश्रमिकों को शामिल नहीं किया जाता। फिरोजाबाद के बाल श्रमिकों का जीवन अत्यन्त कष्टप्रद है वे औसतन 12 घण्टे तक कार्य करते हैं और सफल राष्ट्रीय उत्पाद में महत्वपूर्ण कार्य करते हैं परन्तु बदले में प्राप्त करते हैं :-

- रु० 90/- मासिक का औसत वेतन
- मानसिक और शारीरिक शोषण
- असीमित शारीरिक क्षति इससे पूर्व कि वे 14 वर्ष के हों
- शिक्षा, भोजन, जल तथा रहने के स्थान की अल्प व्यवस्था
- उनके बहुमूल्य बचपन का सम्पूर्ण ह्रास
- प्रौढ़ होने पर अपर्याप्त मजदूरी और प्रायः बेरोजगारी
- सम्पूर्ण जीवन काल के लिए (कमजोर स्वास्थ्य) बीमारी और मजबूरी

जनपद फिरोजाबाद के बाल श्रमिकों की शिक्षा व्यवस्था हेतु विगत वर्षों में 2 प्रदेश/राष्ट्र स्तरीय कार्यशालाएँ डायट फिरोजाबाद में आयोजित की जा चुकी हैं। नीचे दिये गये बाल श्रमिक सर्वेक्षण के आधार पर 60 बालश्रमिक विद्यालय श्रमविभाग द्वारा जनपद फिरोजाबाद के एन०जी०ओ० के साथ चलाये जा रहे हैं। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत शिक्षाघर, बालशाखाएँ फिरोजाबाद की दो मलिन बस्तियों, दो ब्लाकों खैरगढ़ व टूण्डला में चलाये जा रहे हैं जो कि बाल श्रमिकों की शिक्षा व्यवस्था के लिए अपर्याप्त हैं अग्रेतर प्रयास की अत्यन्त आवश्यकता है।

जनपद फिरोजाबाद में बाल श्रमिकों हेतु उ0 प्र0 डेवलपमेंट सिस्टम कॉरपोरेशन लि0 (यू0पी0) लखनऊ द्वारा किये गये सर्वेक्षण का विवरण

क्रम संख्या	क्षेत्र	स्पष्ट बाल श्रमिक		संदिग्ध बाल श्रमिक		कुल बाल श्रमिक	कुल बाल श्रमिक प्रभावित परिवार	सर्वेक्षण में चिन्हित बाल श्रमिक जो विद्यालयों में पढ़ रहे हैं, प्रवेश कराये गये
		बालक	बालिका	बालक	बालिका			
1.	फिरोजाबाद नगर	3745	2174	67	645	6631	4683	5735
2.	फिरोजाबाद ब्लॉक	2298	968	766	929	4961	3697	1590
3.	शिकोहाबाद नगर	684	205	02	20	911	718	479
4.	शिकोहाबाद ब्लॉक	1549	672	09	75	2305	1755	1189
5.	टूण्डला नगर	69	48	01	02	120	58	79
6.	टूण्डला ब्लॉक	1402	660	26	113	2201	1644	1160
7.	खेरगढ़	765	197	41	223	1226	1029	841
8.	नारखी ब्लाक	1968	724	89	188	2967	2305	1869
	योग	12478	5648	1001	2195	21322	15889	12942

इण्डो–यू. एस. डोल प्रोजेक्ट

भारत सरकार द्वारा प्रदेश के 5 जनपदों – अलीगढ़, इलाहाबाद, फिरोजाबाद, मुरादाबाद तथा कानपुर नगर में बाल श्रमिकों को ट्रांजिनशल एजूकेशन सेन्टर एवं अल्टरनेटिव सेन्टर के माध्यम से प्रारम्भिक शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु 'इण्डो–यू.एस डोल प्रोजेक्ट' स्वीकृत किया गया है। इस प्रोजेक्ट में भारत सरकार, यूनाइटेड स्टेट तथा श्रम विभाग की भागीदारी है। यह प्रोजेक्ट सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत संचालित किया जायगा। प्रोजेक्ट क अन्तर्गत सर्वेक्षण कराकर बाल श्रमिकों को चिन्हित किया जायेगा और उनकी शिक्षा हेतु स्थानीय आवश्यकता के अनुसार एजूकेशन सेन्टर स्थापित किये जायेगें अथवा औपचारिक विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जायेगा। इण्डो–यू. एस. डोल प्रोजेक्ट के संचालन क्रियान्वयन, अनुश्रवण एवं समन्वय हेतु जनपद स्तर पर एक सहायक शिक्षा अधिकारी, एक सहायक, एक आशुलिपिक तथा एक परिचारक के वेतन की व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित है जो कि भारत सरकार के अंशदान के रूप में मानी जायेगीं।

ग्राम शिक्षा समिति प्रशिक्षण :-

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्यो को प्राप्त करने के लिए तथा सभी के लिए गुणात्मक शिक्षा प्राप्त कराने के सन्दर्भ में प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित ग्राम शिक्षा समिति को सक्रिय बनाने के उद्देश्य से एव प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था में आमूल चूल परिवर्तन लाने तथा विद्यालय के सम्पूर्ण वातावरण को भौतिक रूप से आकर्षक एवं बच्चो के अनुरूप रुचिकर व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिला फिरोजाबाद की समस्त 512 ग्राम शिक्षा समितियो हेतु एक त्रिदिवसीय सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया। ग्राम शिक्षा समितियों के लिए राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ द्वारा गठित राज्य सन्दर्भ समूह द्वारा सर्वप्रथम ब्लाक सन्दर्भ समूह (ग्राम शिक्षा समिति) को प्रशिक्षत किया गया। यह प्रशिक्षण 4 दिवसीय था और पूर्ण स्वतन्त्र एव सक्रिय सहभागिता पर आधारित था। ग्राम शिक्षा समिति के इन प्रशिक्षणों में निम्नांकित क्रियाकलाप ग्राम शिक्षा समिति के दायित्व के सम्बन्ध में स्पष्ट अभिमत बनाने के लिए किये गये

- परिचय सत्र
- ग्रामीण शिक्षा के प्रति समाज की इच्छायें
- ग्रामीण शिक्षा की सामान्य इच्छाओं की पूर्ति में बाधायें तथा उनके स्थानीय स्तर पर सम्भावित समाधान
- ग्राम शिक्षा समिति की आवश्यकता
- ग्राम शिक्षा समिति का स्वरूप एवं गठन
- ग्राम शिक्षा समिति के कार्य ग्राम शिक्षा व्यवस्था प्रबन्ध, कक्षा, शिक्षण एवं वित्तीय
- लिंग भेद बालिका शिक्षा की समस्याएं / सम्भावित समाधान
- विद्यालय पुनर्निरीक्षण
- ग्राम शिक्षा योजना
- [illegible]
- ग्राम शिक्षा समिति [illegible] माडल [illegible])
- मूल्यांकन

जनपद में ग्राम शिक्षा समितियोंको अधिक क्रियाशील बनाने तथा विद्यालय स्वामित्व एवं प्रबन्धन सम्बन्धी कौशल विकसित करने, स्कूल मैपिंग तथा माइक्रो प्लानिंग सम्बन्धी अभ्यास भी कराये गये और इस हेतु उन्हें, ''ग्राम शिक्षा समिति संकल्प एवं प्रयास'' नामक माड्यूल तथा एक कार्य पुस्तिका भी उपलब्ध करायी गई।

राजाज्ञाओं में परिवर्तन के फलस्वरूप ग्राम शिक्षा समितियों का स्वरूप भी बदल गया है। शिक्षा समितियों के निरन्तर प्रतिवर्ष प्रशिक्षण की आवश्यक है जिससे उन्हें सतत् सक्रिय रखा जा सके।

डायट द्वारा किये गये अन्य कार्य :-

कार्यशाला ''बाल श्रमिक-वैकल्पिक शिक्षा''

इस द्वि-दिवसीय कार्यशाला में गहन विचार-विमर्श हेतु सामूहिक सहभागिता से निम्नांकित उद्देश्य/बिन्दु निर्धारित किये गये -

(1) ''6 11 वयवर्ग'' के प्राथमिक शिक्षा से वंचित बच्चों की पहचान करना तथा उनकी सम्यक शिक्षा व्यवस्था करना

(2) शत-प्रतिशत नामांकन के उद्देश्य की प्राप्ति हेतु बाल श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में कार्य कर रहे स्वैच्छिक संगठनों (एन.जी.ओ.) और समुदाय आधारित संगठनों (सी.डी.ओ.) की पहचान कर सक्रिय सहयोग प्राप्त करना।

(3) ''वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों के सुव्यवस्थित संचालन हेतु ''वालंटीयर्स'' (शिक्षकों) का चयन, उनका प्रशिक्षण तथा वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों के पाठ्यक्रम का निर्धारण''

(4) ''वैकल्पिक शिक्षा केन्द्रों के सतत्, व्यापक मूल्यांकन, पर्यवेक्षण, अनुश्रवण एवं पश्चपोषण हेतु रणनीति का निर्धारण।

जिला फिरोजाबाद के बेसिक शिक्षा परिषद एवं अनौपचारिक शिक्षा अधिकारियों की चार दिवसीय डी.पी.ई.पी. जनपद स्तरीय 'विजनिंग कार्यशाला' (पाठ्यक्रम, पाठ्य-पुस्तक-विकास एवं अध्यापक-प्रशिक्षण)

प्राथमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आदर्श विद्यालय के सन्दर्भ में हमारा क्या "विजन" (भविष्य दृष्टि) है आदर्श विद्यालय कैसा हो, उसका परिवेश कैसा हो, बच्चे विद्यालय में कौन-कौन से क्रियाकलाप में व्यस्त दिखाई दें, और विद्यालय किस तरह पूर्णरूपेण क्रियाशील होकर प्राथमिक शिक्षा के स्तरानुकूल लक्ष्यों को प्राप्त कर सके, आदि-आदि पर एक सामान्य भविष्य दृष्टि निर्धारित करने का प्रयास इस कार्यशाला में किया गया कार्यशाला के मुख्य उद्देश्य, यथा -

- एक आदर्श क्रियाशील प्राथमिक विद्यालय का विजन विकसित करना,
- क्षेत्र विशेष की वस्तुस्थिति एवं स्थानीय आवश्यकताओं/प्राथमिकताओं के परिप्रेक्ष्य में पाठ्यक्रम का परिवर्द्धन निर्माण व पुनर्निरीक्षण संशोधन,
- संवैधानिक नीतियों तथा सामाजिक अपेक्षाओं के अनुरूप समय-समय पर पाठ्य-पुस्तकों का मूल्यांकन कर उनमें अपेक्षित संशोधन करना,
- जिला संदर्भ समूह (डी.आर.जी.) को आकदमिक तथा व्यावसायिक दृष्टि से दक्ष बनाना, तथा सामाजिक परिप्रेक्ष्य की दृष्टि से प्रासंगिक शिक्षण सहायक सामग्री के निर्माण के योग्य बनाना,
- प्राथमिक विद्यालयों में "बहुश्रेणी" व्यवस्था के सन्दर्भ में प्रभावी शिक्षण अधिगम विधाओं/तकनीकों का विकास करना,
- [illegible] उद्देश्यों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के विविध [illegible] में आवश्यक परिवर्तन लाना,
- [illegible] एवं अनवरत मूल्यांकन को [illegible] करते हुए उपर्युक्त क्षेत्रों में किये गये [illegible] का अनुश्रवण करते [illegible] तकनीकों का प्रचार प्रसार करना।

पाठ्यक्रम

अनुभूत विसंगतियां :-

1. पाठ्यक्रम बोझिल, उबाऊ तथा सैद्धान्तिक है।
2. इसके कतिपय प्रकरण बालकों की आयु के परिप्रेक्ष्य में दुरूह है।
3. पाठ्यक्रम में स्थानीयता का पूर्ण अभाव है।
4. पाठ्यक्रम, बालक की क्रियाशीलता/कार्यकलापों की दृष्टि से उपयुक्त नहीं है।
5. पाठ्यक्रम बच्चों के वास्तविक पूर्व अनुभवों से सम्बंधित नहीं है।
6. पाठ्यक्रम में उपरोक्त कारणों से नीरसता है, तथा यह बच्चों में अपेक्षित, स्तरानुकूल दक्षताओं के विकास में सहायक नहीं है।
7. पुस्तकें, उनकी विषय-वस्तु, उनकी-सम्प्रेषण विधा आदि बच्चों की आवश्यकताओं, उनके पर्यावरण तथा पृष्ठभूमि से जुड़ी हुई नहीं हैं, और सम्पूर्ण विद्यापीठ सामाजिक वास्तविकताओं से असम्बद्ध है।

सुझाव

1. पाठ्यक्रम में विविधता हो तथा वह बच्चों की आयु मानसिक स्तरानुकूल हो.
2. शिक्षण हेतु पाठ्यपुस्तक में शिक्षकों के लिए विभिन्न सम्बोधों को बच्चों के पूर्वज्ञान से जोड़ने हेतु व्यापक निर्देशों का समावेश हो.
3. अध्यापकों की शिक्षण कार्य योजना बच्चों की कठिनाई / स्तर, ग्रहण करने की क्षमता के आधार पर हो.
4. पाठ्यक्रम में स्थानीय संसाधनों के क्रियाशील प्रयोग हेतु प्रावधान हो.
5. बच्चों को [illegible] अधिगम का सम्पूर्ण अवसर प्राप्त हो, जिससे शिक्षण अधिगम प्रक्रिया पाठ्यक्रम आधारित न बनकर दक्षताधारित बन सके।

प्रक्रिया (शिक्षण अधिगम कार्यनीति)

अनुभूति विसंगतियां

1. कार्यनीति मात्र कक्षा कक्ष तक सीमित है और मौखिक है बच्चों की क्रियाशीलता का कोई उपयोग नहीं है।

2. कक्षा कक्ष का [illegible] वातावरण यांत्रिक है, शिक्षक छात्र के मध्य सदैव दूरी रहती है तथा रटने पर अधिक बल है।

3. कक्षा सदा [illegible] रहता है। बच्चों की क्रियाशीलता हेतु कोई अवसर नहीं और इस तरह सीखने के सिद्धान्त का कोई प्रयोग नहीं।

4. शिक्षण कार्यनीति का कभी मूल्यांकन नहीं तथा सामुदायिक सहभागिता का कोई प्रयास नहीं।

सुझाव

1. कक्षा-कक्ष में ऐसे क्रिया कलापों हों, जिनमें बच्चे सक्रिय सहभागिता कर सकें।

2. कक्षा कक्ष की कार्यनीति का निर्धारण, बच्चों की पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित करते हुये आपसी समझौते के आधार पर हो।

3. कक्षा कक्ष का प्रत्येक क्रिया-कलाप पारस्परिक सहभागिता पर आधारित हो, तथा बच्चों को स्थानीय तथा शिक्षण सामग्री का प्रयोग करने का पूर्ण अवसर हो, स्व-अधिगम पर अधिक बल हो।

4. प्रत्येक [illegible] पर सामुदायिक सहभागिता प्राप्त की जाये।

सहायक शिक्षण सामग्री

अनुभूत कठिनाइयाँ

1. सहायक शिक्षण सामग्री का प्रायः पूर्ण अभाव तथा इस दिशा में शिक्षक द्वारा कोई प्रयास नहीं।

2. शिक्षक सहायक शिक्षण सामग्री का प्रयोग करने के प्रति पूर्णतया उदासीन है, और न ही [illegible] में कोई प्रयोग हेतु यह उत्सुक ही है।

3. [illegible] अध्यापक [illegible] विद्यालय होने के कारण बहुश्रेणी कक्षा शिक्षण [illegible]

सुझाव

1. [illegible] स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अल्प लागत तथा बिना लागत की सहायक शिक्षण सामग्री प्रयोग करने तथा बच्चों की सहायता से सहायक शिक्षण सामग्री निर्माण [illegible]

2 जिला सन्दर्भ समूह एवं पाठ्यक्रम विकास विभाग द्वारा इस सन्दर्भ में पाठ्यक्रम के सम्बन्धों तथा दक्षताओं के परिप्रेक्ष्य में प्रयोग होने वाली सहायक शिक्षण सामग्री के विकास/निर्माण हेतु शिक्षकों के लिए एक सामान्य निर्देशिका का विकास करना।

3 बहुश्रेणी शिक्षण वाले विद्यालयों हेतु कुछ विशिष्ट प्रकार की सहायक शिक्षण सामग्री का विकास, कार्यशाला के माध्यम से विकसित की जाये।

पाठ्य पुस्तकें

अनुभूत विसंगतियाँ

1 पुस्तक साज-सज्जा की दृष्टि से अनाकर्षक हैं।

2 पाठ्य पुस्तकें बालकों के परिवेश से पृथक और बच्चों के पूर्वज्ञान से असम्बद्ध हैं।

3. पाठ्य-पुस्तकों में बच्चों की क्रियाशीलता के प्रयोग हेतु, क्रियाधारित पाठों का पूर्ण आभाव है।

4. पाठ्य-पुस्तकों का चित्रण, विषय-वस्तु के अधिगम में प्रायः सहायक नहीं।

5. मुद्रण तथा कागज की गुणवत्ता मानक से निम्न स्तर की है।

6. पाठ में उपयुक्त शीर्षकों/उपशीर्षकों का पूर्ण आभाव है तथा विषयवस्तु में निरन्तरता नहीं है।

7 बच्चों को स्व-मूल्यांकन हेतु कोई अवसर नहीं और इस तरह उन्हें स्व-अधिगम का कोई अवसर नहीं है।

सुझाव

1. पाठ्यपुस्तकों में रंग, छपाई का आकार तथा कागज की गुणवत्ता में सुधार हो।

2 पाठ्यपुस्तक निर्माण हेतु विशेषज्ञों की एक कार्यशाला में पृथक से हो जिसमें उत्पादन विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया जाय।

3 विषयवस्तु में सृजनात्मकता, नवाचार व निरन्तरता हो तथा चित्र [illegible] आकर्षक व स्पष्ट हो।

4 विषय वस्तु का उपयुक्त उप शीर्षकों में विभाजन हो।

5 अभ्यास बच्चों के स्व अधिगम, स्व मूल्यांकन में पूर्णतया सहायक, रुचिकर तथा क्रियाशीलता पर आधारित हो।

6 [illegible] लिंग भेद से पूर्णतया मुक्त हो, तथा प्रस्तुतीकरण मूल्यपरक हो, जिससे मूल्यों का विकास [illegible] रूप से हो सके।

7 पाठ की भाषा बच्चे की मानसिक आयु और बोध के स्तरानुरूप हो।

8 पाठों में स्थान विशेष की विशेषताओं से परिचित कराने हेतु, स्थानीय विषय सामग्री के समावेश के पर्याप्त स्थान और अवसर हो।

9. पाठ्य-पुस्तक संरचना के सूचीबद्ध सोपान पूर्व लेखन, सम्पादन, उत्पादन, प्रकाशन हेतु पृथक-पृथक गंभीर प्रयास किये जाये तथा विशेषज्ञों की सहमति ली जाय।

प्रशिक्षण

अनुभूत विसंगतियाँ :-

1. प्रशिक्षण कक्षा-कक्ष में शिक्षक द्वारा अनुभूत कठिनाइयों से सम्बद्ध नहीं।

2. प्रशिक्षण सैद्धान्तिक है और इसे प्रारम्भ करने से पहले प्रशिक्षणार्थियों की आवश्यकताओं और समस्याओं का आकलन नहीं किया जाता है।

3. प्रशिक्षण सहभागिता पर आधारित नहीं है, तथा इसमें सम्प्रेषण का पूर्ण आभाव है।

4. प्रशिक्षण मूलरूप से सैद्धान्तिक है - प्रशिक्षक प्रशिक्षणार्थियों से उन क्रिया-कलापों को आयोजित करने को कहता है, जिन्हें उसने स्वयं वास्तविक परिस्थितियों में प्रयोग नहीं किया होता है।

5 प्रशिक्षणोपरान्त अनुश्रवण/पश्चपोषण की भी कोई समुचित कारगर व्यवस्था नही है।

सुझाव :-

1 प्रशिक्षण पूर्णतया प्रशिक्षणार्थी आवश्यकता आधारित, समस्या तथा कक्षा-कक्ष की वास्तविक परिस्थितियों से सम्बन्धित होना चाहिए

2 [illegible] सहभागिता पर पूर्ण [illegible] होना चाहिए, जिसमें सम्प्रेषण [illegible]।

3 प्रशिक्षणार्थियों का [illegible] करने के साथ-साथ पुरस्कार / दण्ड की भी व्यवस्था होनी चाहिए

मूल्यांकन

अनुभूत विसंगतियां :-

1. सतत, व्यापक, अनवरत मूल्यांकन की कोई व्यवस्था नहीं। मात्र अर्ध-वार्षिक, वार्षिक परीक्षा उत्तीर्ण करने कराने पर ही जोर है।
2. बालक के संज्ञानात्मक पक्ष की ही जाँच, संज्ञानेत्तर-बोध एवं कौशल पक्ष की पूर्ण उपेक्षा।
3. बोध विश्लेषण, संश्लेषण आदि दक्षताओं के विकास की पूर्ण उपेक्षा।
4. मूल्यांकन की नवीन विधियों के अद्यतन ज्ञान का पूर्ण आभाव।

सुझाव

1. मूल्यांकन-सतत, व्यापक एवं अनवरत हो। संज्ञानेत्तर पक्ष-बोध, कौशल सम्बन्धी दक्षताओं का भी मूल्यांकन हो।
2. बच्चों के सतत मूल्यांकन के आधार पर रुचियों, आदतों, अभिवृत्तियों, मूल्यों आदि के विकास में सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित की जाय।
3. बच्चों के मूल्यांकन के साथ ही साथ, शिक्षकों को भी अपनी शिक्षण-विधा के स्व मूल्यांकन को दृष्टिगत रखें।

संदर्भ समूह सहयोग

अनुभूत विसंगतियाँ -

1. राज्य से जिला, ब्लॉक, न्याय पचायत एव ग्राम पचायत स्तर तक अपेक्षित संदर्भ के सहयोग की वांछित व्यवस्था नहीं।
2. राज्य स्तरीय संस्थाओं - राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, राज्य शैक्षणिक प्रबन्धन एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीमेण्ट), राज्य शिक्षा संस्थान आदि तथा जिला - विकास खण्ड- न्यायपंचायत - ग्राम पचायत स्तर पर सम्प्रेषण का अन्तराल है, और अपेक्षित निर्देशन परामर्श तत्काल उपलब्ध नहीं है।

संदर्भ समूह सहयोग राज्य, समुदाय तथा विभिन्न स्तरों के अभिकरण एवं अभिकर्मियों से प्राप्त करने की तात्कालिक एवं समुचित क्रियाशील व्यवस्था हो।

राज्य से जिला, जिला से ब्लॉक, ब्लॉक से न्याय पंचायत, तथा न्याय पचायत से ग्राम पंचायत स्तर तक स्वस्थ, क्रियाशील, प्रभावी सम्प्रेषण प्रवाह हो।

समुदाय तथा सन्दर्भ समूहों के मध्य बेहतर प्रभावी समन्वय स्थापित हो तथा पूर्ण पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व हो।

"यह मेरा संकल्प है और मैं इसको पूर्ण करूँगा" - इस जुड़ाव की भावना को सम्बन्धित अभिकर्मियों के मध्य विकसित और सुदृण किया जाय।

प्रतिभागियों ने एक "आदर्श विद्यालय" के "विजन" के रूप में, एक कक्षाकक्ष के संदर्भ में, क्रियाशील शिक्षण के प्रतिरूपों की अवधारणा की, यथा -

प्रत्येक कुछ न कुछ करने में व्यस्त है। खेल, गीत, संगीत, कहानी, नाटक व प्रयोग तथा स्वच्छता सम्बंधी क्रिया कलाप कक्षा कक्ष के अन्दर और बाहर पूर्ण तन्मयता एवं सहभागिता के साथ गतिमान हैं।

कक्षा-कक्ष में बालकों द्वारा निर्मित रेखाचित्र, रंगीन चार्ट, पोस्टर तथा अन्य प्रतिरूप स्थान-स्थान पर लगे हैं और बच्चे इसी तरह की अन्य सामग्री तैयार कर रहे हैं।

विद्यालय भौतिक परिवेश में भी चित्ताकर्षक लग रहा है। शौचालय/प्रसाधन तथा पेयजल की स्वच्छ व्यवस्था है।

विद्यालय की दीवार पर विद्यालय समाचार पत्र के रूप में हस्त लिखित एक समाचार पत्र लगा है। [illegible] पढ़कर समुदाय के लोगों को स्थानीय/राष्ट्रीय समाचारों तथा नवीन उपयोगी ज्ञान से अवगत करा रहे हैं।

विभिन्न [illegible] की [illegible] और [illegible] से समूह कार्य में व्यस्त हों तथा तत्काल कक्षा कक्ष में जाकर यह पहचानना मुश्किल है कि इनमें अध्यापक कहाँ है अर्थात् अध्यापक को मात्र आयु के आधार पर पहचाना जा सकता है कार्य कलापों के आधार पर नहीं। शायद यही कारण है कि विद्यालय समय समाप्ति की घण्टी बजने के बाद भी कोई बालक घर जाने के विषय में नहीं सोच रहा है।

II विगत पाँच वर्षों में जनपद स्तर पर संचालित गुणवत्ता संवर्द्धन विषयक कार्यक्रमों का विवरण

- डर का कोई स्थान नहीं है। कोई कुछ भी पूछ सकता है और उत्तर देने में भी किसी प्रकार की कोई हिचकिचाहट नहीं है। प्रश्न पूछा जाने पर कई चिल्ला उठते हैं मैं बताऊँ, मैं बताऊँ, और उत्तर दिये जाने पर सभी कह उठते हैं " समझ में आ गया"।

डी० पी० ई० पी० के अन्तर्गत सेवारत शिक्षण प्रशिक्षण

जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत सेवारत प्राथमिक शिक्षकों के उनकी आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुए तीन प्रशिक्षण आयोजित किये जा चुके हैं।

> *डी० पी० ई० पी० सेवारत अध्यापकों का 10 दिवसीय सेवारत अध्यापक प्रशिक्षण :-*

उद्देश्य :-

- शिक्षकों को अभिप्रेरित कर उनमें व्यवसायात्मक, दृढ़ विश्वास तथा उत्तरदायित्व की भावना का विकास कर शिक्षकों में कार्य के प्रति प्रतिबद्धता उत्पन्न करना
- शिक्षण प्रक्रिया में बच्चों की सक्रियता और भागीदारी बढ़ाना
- कक्षा का वातावरण बच्चों की जिज्ञासापूर्ण बनाना
- गुणवत्ता विकास के कार्यक्रमों, विषयों की दक्षता बढ़ाना
- बालिका शिक्षा, कक्षा में कराई जाने वाली गतिविधियां, सामुदायिक सहभागिता, समता और समानता। आकर्षक स्कूल आदि से सम्बन्धित अभ्यासों का अध्ययन कराना
- गतिविधि आधारित शिक्षण कराना

10 व्यवसाय अभिप्रेरण प्रशिक्षण (फिरोजाबाद/वदायूँ) वर्ष 1997-98, 1998-99

कुल प्रशिक्षित 2383

क्र० सं०	विकास खण्ड/न०क्षे० का नाम	प्रशिक्षित प्रधानाध्यापक												प्रशिक्षित सहा० अध्यापक												महायोग
		पुरुष						महिला						पुरुष						महिला						
		सा० जा०	अ० जा०	अ० जजा०	पि० जा०	अ० सं०	योग	सा० जा०	अ० जा०	अ० जजा०	पि० जा०	अ० सं०	योग	सा० जा०	अ० जा०	अ० जजा०	पि० जा०	अ० सं०	योग	सा० जा०	अ० जा०	अ० जजा०	पि० जा०	अ० सं०	योग	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26	27
01	अरांव	17	08	-	17		42	-		-	-	-	-	27	19	-	52	-	105	15	-	27	01	42	42	[illegible]
02	एका	11	04	-	24		39	01		-	-	-	01	25	21	-	56	02	104	01		08	01	13	13	[illegible]
03	जसराना	04	07	-	13		24	-		-	-	-	-	31	08		62	-	101	02	-	08	04	23	23	148
04	हाथवन्त	15	09	-	25		35			-	-	-		[illegible]	25		[illegible]	03	[illegible]	22		26	-	34	34	[illegible]
05	मदनपुर	17	04	-	27		48	03		-	-	-	03	34	15	-	77	01	127	20	-	18	01	47	47	225
06	शिकोहाबाद	10	06	-	18	01	14	01	01	-	01	-	03	26	18	-	66	02	112	36	-	16	01	58	58	227
07	फिरोजाबाद	32	14	-	21	-	67	03	-	-	-	-	03	67	25	-	101	17	210	40	05	-	06	14	65	345
08	टूण्डला	45	22	-	11	-	78	03		-	-	-	03	104	38	-	59	02	203	32	08	-	09	01	50	344
09	नारखी	59	17	-	07		38	-		-	-	-	-	124	50	-	36	01	211	35	05	-	07	05	52	345
10	न.क्षे. शिकोहाबाद	04	3	-	21	12	[illegible]	01	-	-	01	01	03	09	01	-	12	07	29	05		-	02	02	29	[illegible]
11	न.क्षे. फिरोजाबाद	06	05	-	02	04	17	01		-	01	01	03	11	-			16	27	07			04	09	20	67
12	अन्य	-	-	-	-					/-	-	-		-	-	-	-	-	-	-	-	-	-			126
	योग	223	99	-	149	06	477	13	01	-	03	02	19	479	220	-	581	51	1349	224	43	-	106	39	412	2383

➢ डी० पी० ई० पी० संचालित अध्यापकों का 8 दिवसीय "सबल" प्रशिक्षण:-

उद्देश्य :-

- शिक्षकों को अपने कार्य में कुशल बनाना।
- बच्चों में पाठ्यक्रम के लक्ष्यों को विकसित करने में शिक्षकों को दक्ष बनाना
- अपनी भूमिका और बच्चों के बारे में समझ विकसित करना।
- शिक्षण कला में निखार लाने के लिए खेल गतिविधियों से उन्हें सुसज्जित करना तथा इस भ्रान्ति से मुक्त कराना कि खेल गतिविधियां पाठ्यक्रम को पूरा करने में बाधक है
- विद्यालय / कक्षा नियोजन प्रबन्ध में दक्ष बनाना।
- मूल्यांकन के बारे में स्पष्ट एवं विस्तृत समझ और तरीके विकसित करना
- सहायक सामग्री चयन निर्माण प्रयोग एवं रखरखाव की विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी देना।
- विषयगत अवधारणाओं से क्रियाओं एवं प्रक्रियाओं को सरलतम ढंग से बच्चों को कैसे बताये उसकी जानकारी कराना।

➢ डी०पी०ई०पी० संचालित अध्यापकों का 8 दिवसीय "साधन" प्रशिक्षण :-

उद्देश्य :-

- इस प्रशिक्षण की मुख्य विशेषता यह थी कि यह नवीन पाठ्यपुस्तकों जिन्हें गत वर्ष लागू किया गया था पर आधारित एवं गतिविधि आधारित था इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के प्रति रुचि उत्पन्न करना था। इसमें 46 सत्र थे जिनमें 16 सैद्धान्तिक तथा [illegible] क्रियात्मक थे। क्रियात्मक सत्रों में विषय वस्तु को गतिविधि व [illegible] पर बल दिया गया तथा पाठ्यपुस्तक को मात्र नहीं बल्कि एक पूरा साधन मानने के लिए कहा गया है जिससे बच्चों को असीम सम्भावनाओं व सारी दुनिया का परिचय कराता है।

- बच्चे स्वभाव से क्रियाशील होते हैं। अतः गतिविधियों द्वारा पाठ्यवस्तु को रोचक बनाने के विभिन्न तरीके सुझाये गये तथा गतिविधि का आशय मात्र खेलने से न लेकर शिक्षकों को यह स्पष्ट किया गया कि गति विधि से तात्पर्य उन सारी क्रियाओं से है जिनकी सहायता से विषय वस्तु को कक्षा में रोचक एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। जिससे बच्चे रुचि, जिज्ञासा, कौतूहल, लगन व मनोयोग से सीख सकें।

इस प्रशिक्षण के मुख्य बिन्दु निम्नांकित हैं।

- प्रथम चक्र शिक्षण प्रशिक्षण के प्रमुख अंश
- द्वितीय चक्र शिक्षण प्रशिक्षण के प्रमुख अंश
- नवीन पाठ्यपुस्तकों का सामान्य परिचय एवं प्रयोग विधि
- बहुउद्देशीय शिक्षण अधिगम सामग्री
- बहुकक्षा/बहुस्तरीय कक्षा शिक्षण
- समय प्रबन्धन
- समेकित शिक्षा
- विद्यालयों का मूल्यांकन-श्रेणीकरण
- सीखने का मूल्यांकन
- कहानी – सफल सम्भावना
- सुलेख – क्या ? क्यों ? कैसे ?
- वर्तनी में अशुद्धियाँ
- साप्ताहिक समय सारिणी

विद्यालयों का श्रेणीकरण निर्धारित [illegible] निम्नांकित पक्षों, जिनके अंक पूर्व में निर्धारित थे, के आधार पर किया गया यथा

- विद्यालय एवं कक्षा-कक्षों का भौतिक एवं शैक्षिक वातावरण
- शिक्षक द्वारा शिक्षण अधिगम सामग्री
- छात्रों के सतत् व्यापक मूल्यांकन [illegible] सम्बन्धी पक्ष।


डायट
बी.आर.सी.
बालक
विद्यालय
एन.पी.आर.सी.

तालिका

जनपद में कार्यरत शिक्षकों का शैक्षिक योग्यता के आधार पर विवरण

शैक्षिक योग्यता	प्राथ0 स्तर	उ0 प्रा0 स्तर
हाईस्कूल से कम	16	
हाईस्कूल	413	06
इण्टरमीडिएट	1522	152
स्नातक	14	274
स्नातकोत्तर	363	70
योग	2328	422

जनपद फिरोजाबाद में प्राथमिक स्तर पर शैक्षिक योग्यता के आधार पर 363 अध्यापक स्नातकोत्तर है जबकि 16 अध्यापक हाईस्कूल उत्तीर्ण नहीं है। प्रदेश में वर्तमान प्राथमिक शिक्षकों की न्यूनतम योग्यता स्नातक है और इस दृष्टिकोण से यदि देखा जाय जो जनपद फिरोजाबाद में 50 प्रतिशत अध्यापक स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण नहीं है। अतः प्रशिक्षण आयोजित करते समय इस वास्तविकता को ध्यान में रखते हुए शिक्षक विधा के साथ-साथ विषयवस्तु (विशेष रूप से विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी) का प्रशिक्षण किये जाने की परम आवश्यक है।

तालिका

जनपद में कार्यरत शिक्षकों का शिक्षण अनुभव के आधार पर विवरण

[illegible]	[illegible]	उ० प्रा० स्तर
पांच वर्ष से कम	724	74
5 से 10 वर्ष तक	52[illegible]	87
10 से 15 वर्ष तक	279	89
15 से 20 वर्ष तक	174	59
20 से 25 वर्ष तक	196	39
25 से 30 वर्ष तक	181	35
30 वर्ष से अधिक	257	59
योग	2328	422

जनपद में कार्यरत शिक्षण अनुभव के आधार पर यह स्पष्ट है कि शिक्षकों की प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्तरों पर अधिसंख्य को 15 से 20 वर्ष तक का औसत शिक्षण अनुभव है। अर्थात उन्हें शिक्षण की पुरानी विधाओं से हटाने तथा शिक्षण की नवीन बालकेन्द्रित एवं क्रियाधारित शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में संलग्न करने हेतु अधिक परिश्रम करना होगा और यदि वांछित अनुसमर्थन एवं पर्यवेक्षण नहीं किया गया तो वे अपने प्राचीन शिक्षण विधाओं को ही पुनः अपना लेंगे।

शैक्षिक सम्प्राप्ति के आधार पर बच्चों का स्तर

जिला प्राथ0 शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत बच्चों की शैक्षिक उपलब्धि ज्ञात करने हेतु कक्षा - 2 एव कक्षा - 5 के बच्चों का भाषा एव गणित में परीक्षण किया गया। आधारभूत मूल्याकंन सर्वेक्षण (बी.ए.एस.) 1997 तथा मध्यसत्रीय मूल्यांकन का सर्वेक्षण (एम.ए.एस.) 2000 में निर्धारित विधि से एन.सी.ई.आर.टी. के सहयोग से लिया गया तुलनात्मक निष्कर्ष निम्नांकित

1 कक्षा 1 - भाषा

कक्षा 1 के आधार भूत सर्वेक्षण के छात्र छात्राओं की भाषा की अधिगम सम्प्राप्ति का मध्यमान 9.56 (47.8 %) तथा मानक विचलन 5.87 (29.35%) रहा, जबकि अधिगम सम्प्राप्ति का अधिकतम प्राप्तांक 20 रहा। मध्यसत्रीय सर्वेक्षण मे माध्यान 13.026 (65.13%) तथा मानक विचलन 5.678 (28.54%) रहा यह उच्च मानक विचलन छात्रों की अधिगम सम्प्राप्ति मे अत्यधिक भिन्नता दर्शाता है। आधारभूत सर्वेक्षण से प्राप्त अधिगम सम्प्राप्ति का गुणात्मक विश्लेषण यह दर्शाता है कि 17.5% छात्र और 18.7% छात्राये एम.एल.एल. मास्टरी लैयल तक पहुँचे और 10.6% छात्र एव 11.1% छात्राये एम.एल.एल. मास्टरी लैवल के समीप पहुँचे जबकि 41.3% छात्र तथा 43.8% छात्रायें एम.एल.एल. स्तर तक नही पहूँच पाये। मध्यसत्रीय सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ कि 37.1% छात्र और 32.7% छात्राये एम.एल.एल. मास्टरी लैवल तक पहुँचे और 20.1% छात्र एव 21.9% छात्राये एम.एल.एल. मास्टरी लेवल के समीप पहुंचे जबकि 26.6% छात्र तथा [illegible] छात्राये एम. एल. एल. स्तर तक नहीं पहुँच पाये अर्थात वे उपलब्धि परीक्षण मे 39% से अधिक अंक प्राप्त करने मे असफल रहे। गुणवत्ता की दृष्टि से जहाँ आधारभूत सर्वेक्षण में छात्राओं का सम्प्राप्ति स्तर अत्यधिक न्यून था वहीं मध्यसत्रीय मूल्यांकन में अपेक्षित सुधार दृष्टिगोचर होता है हालांकि अभी भी गंभीरता से प्रयास को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता है। यह शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्यों में एक है। आधारभूत सर्वेक्षण में जातिवार विश्लेषण में 46.7% अ.जा.ज.जा. 42.2% अन्य पिछड़ा वर्ग तथा 34.3% सामान्य श्रेणी के छात्र-छात्राओं की उपलब्धि एम.एल.एल. स्तर से [illegible] मध्यसत्रीय मूल्यांकन के जातिवार विश्लेषण में 31.6% अ.जा.ज.जा., 23.3% अन्य पिछड़ा वर्ग तथा 21.9% सामान्य श्रेणी के छात्र-छात्राओं की उपलब्धि एम.एल.एल. से नीचे रही। अतः गुणात्मक दृष्टि से सुधार दृष्टिगोचर होता है।

2. कक्षा - 1 - गणित

आधारभूत सर्वेक्षण के आधार पर कक्षा 1 के छात्र छात्राओं का गणित विषय में अधिगम सम्प्राप्ति का मध्यमान 14.14% तथा मानक विचलन 1.28 (9.14%) रहा, जब कि अधिगम सम्प्राप्ति का अधिकतम प्राप्तांक 14 रहा। मध्य स्तरीय सर्वेक्षण के आधार पर माध्यमान 14.996 (74.95%) तथा मानक विचलन 4.878 (24.39%) रहा, जयकि अधिगम सम्प्राप्ति का अधिकतम प्राप्तांक 20 रहा। यह उच्च मानक विचलन छात्रों की अधिगम सम्प्राप्ति में अधिकतम विभिन्नता दर्शाता है। आधारभूत अधिगम सम्प्राप्ति का गुणात्मक विश्लेषण यह दर्शाता है कि 13.7% छात्र और 10.2% छात्रायें एम.एल.एल. के मास्टरी लेवल तक पहुँचे और 16.2% छात्र एवं 13.1% छात्रायें एम. एल. एल. के मास्टरी लेवल के समीप पहुँचे जबकि 51.1% छात्र तथा 58.8% छात्रायें एम. एल. एल. स्तर प्राप्त नहीं कर सके। मध्यस्त्रीय सर्वेक्षण के आधार पर 51.5% छात्र और 42.9% छात्रायें एम.एल.एल. के मास्टरी लैवल तक पहुँचे और 22.75% छात्र और 28.6% छात्रायें एम. एल. एल. के मास्टरी लैवल के समीप पहुँचे जबकि 10.78% छात्र तथा 17.3% छात्रायें एम. एल. एल. स्तर प्राप्त नहीं कर सके। गुणात्मक दृष्टि से वांछित सुधार दृष्टिगोचर होता है। आधारभूत सर्वेक्षण के जातिवार विश्लेषण में 60.3% अ.जा./ज.जा., 52.4 पिछड़ा वर्ग और 45.7% सामान्य वर्ग के छात्र छात्राएं एम.एल. एल. स्तर से भी नीचे रहे जबकि मध्यस्त्रीय मूल्यांकन के जातिवार विश्लेषण में 14.55% अ.जा./ज.जा., 7.73 अन्य पिछड़ा वर्ग और 10.46% सामान्य वर्ग के छात्र छात्राएं एम.एल. एल. स्तर से भी नीचे रहे। गुणात्मक दृष्टि से जातिवार उपलब्धि स्तर में भी वांछित सुधार स्पष्ट है।

3. कक्षा - 4 - भाषा

आधारभूत सर्वेक्षण में कक्षा 4 के विद्यार्थियों की भाषा उपलब्धि परीक्षण में मध्यस्त्रीय मूल्यांकन की भांति दो खण्ड से [illegible] शब्दार्थ एवं पठनबोध। प्रथम परीक्षण दिसम्बर 1996 जबकि द्वितीय परीक्षण जुलाई/अगस्त [illegible] में लिया गया। प्रथम परीक्षण (आधारभूत सर्वेक्षण) के आधार पर विद्यार्थियों की उपलब्धि का मध्यमान शब्दार्थ एवं पठन बोध में क्रमशः 20.5 (50.12%) तथा 13.16 (32.9%) रहा और मानक विचलन क्रमशः 4.38 (10.95%) तथा 4.47 (10.15%) रहा जबकि शब्दार्थ में [illegible] प्राप्तांक [illegible] एवं पठनबोध में अधिकतम प्राप्तांक

। द्वितीय परीक्षण (मध्य सत्रीय मूल्यांकन) में विद्यार्थियो की उपलब्धि का मध्यमान शब्दार्थ एवं पठनबोध में क्रमशः 15.27 (43.65%) तथा 14.73 (42.09%) रहा और मानक विचलन क्रमशः 5.63 (16.12%) 6.17 (20.14%) रहा जबकि शब्दार्थ में अधिकतम प्राप्तांक 35 एवं पठनबोध में अधिकतम प्राप्तांक 35 रहे। दोनों परीक्षणों में गुणात्मक दृष्टि से सार्थक सुधार दृष्टिगोचर है, परन्तु अत्यधिक प्रयास की आवश्यकता है।

आधारभूत सर्वेक्षण का लिंगवार विवरण यह दर्शाता है कि छात्रों की सम्प्राप्ति का मध्यमान शब्दार्थ और पठनबोध में क्रमशः 20.31 (50.78%) तथा 13.37 (30.39%) और छात्राओं की सम्प्राप्ति स्तर 19.60 (44.54%) एवं 12.80 (32%) था जबकि मध्यसत्रीय सर्वेक्षण का लिंगवार विवरण यह दर्शाता है कि सम्प्राप्ति का मध्यमान शब्दार्थ व पठनबोध में क्रमशः 15.19 (43.4%) तथा 14.43 (42.09%) और छात्राओं का 15.35 (43.89%) एवं 14.73 (42.09%) रहा। गुणात्मक दृष्टि से भाषा में शब्दार्थ की तुलना में पठनबोध के स्तर में सुधार हुआ है आधारभूत सर्वेक्षण में एम.एल.एल. स्केल पर अधिगम सम्प्राप्ति का गुणात्मक विश्लेषण यह दर्शाता है कि कोई भी छात्र/छात्रा मास्टरी लैवल तक नहीं पहुँच सका और 1.6% छात्र तथा 0.9% छात्रायें ही मास्टरी लेवल के समीप पहुँच सके लेकिन 54.6% छात्र तथा 60.2% छात्रायें एम.एल.एल. स्तर से नीचे रहे। मध्य सत्रीय सर्वेक्षण में भी कोई छात्र/छात्रा मास्टरी लैवल प्राप्त नहीं कर सका और 11.9% छात्र तथा 12.1% छात्राएं ही मास्टरी लेवल के समीप पहुँच सकी लेकिन 48.5% तथा 44.7% छात्रायें एम.एल.एल. स्तर से नीचे रहे। तुलनात्मक दृष्टि से अभी गम्भीर प्रयास की आवश्यकता है।

4. कक्षा 4 गणित

आधारभूत सर्वेक्षण के आधार पर छात्रों की गणित में सम्प्राप्ति का मध्यमान 12.71 (31.78%) तथा छात्राओं का 11.11 (27.78%) रहा तथा मानक विचलन क्रमशः 4.22 (10.55%) एवं 3.69 (9.23%) रहा जबकि मध्यसत्रीय मूल्यांकन में छात्रों का मध्यमान 15.395 (38.49%) तथा छात्राओं का 15.428 (38.57%) रहा और मानक विचलन क्रमशः 6.492 (16.23%) एवं 6.676 (16.69%) रहा। गुणात्मक दृष्टि से उपलब्धि दृष्टिगोचर है। गुणात्मक विश्लेषण से यह ज्ञात हुआ कि आधारभूत सर्वेक्षण में कोई भी छात्र मास्टरी लेवल नहीं प्राप्त कर सका। केवल 0.3% छात्र एवं 0.5% छात्रायें मास्टरी लेवल के समीप पहुँच सके जब कि

81.4% छात्र और 93.1% छात्राओं की सम्प्राप्ति एम.एल.एल. से न्यून रहीं। मध्यसत्रीय मूल्यांकन में मात्र 0.9% छात्र ही मास्टरी लेवल पर पहुँच सके तथा 6.8% छात्र एवं 11.37 छात्रायें ही मास्टरी लेवल के समीप पहुँच सके, जबकि 59.1% छात्र और 59.5% छात्राओं की सम्प्राप्ति एम.एल.एल. से नीचे रही। हालांकि धनात्मक परिवर्तन है फिर भी अति गम्भीर प्रयासों की आवश्यकता है।

5. शिक्षक:-

(1) कक्षा 8 उत्तीर्ण शिक्षक :

जनपद फिरोजाबाद में आधारभूत सर्वेक्षण एवं मध्यसत्रीय मूल्यांकन सर्वेक्षण में क्रमशः 5.7% एवं 2.6% शिक्षक कक्षा 8 उत्तीर्ण पाये गये जबकि सम्प्राप्ति प्राथ० विद्यालय में शिक्षक की न्यूनतम योग्यता स्नातक है। न्यूनतम योग्यताधारी शिक्षक छात्रों की न्यून अधिगम सम्प्राप्ति के कारणों में से एक हो सकते हैं। ऐसे अध्यापकों को शिक्षण के ज्ञान व कौशल में अद्यतन करने हेतु विषयवस्तु एवं शिक्षण विधि में विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता है।

(2) शिक्षण सामग्रीयों का प्रयोग :-

आधारभूत सर्वेक्षण तथा मध्यसत्रीय सर्वेक्षण में क्रमशः 2.1% व 62.3% शिक्षक शिक्षण सामग्री का कक्षा में प्रयोग करते पाये गये तथा 27.9% व 63.3% शिक्षकों द्वारा शिक्षण सामग्री का निमार्ण किया गया। निष्कर्षतः डी०पी०ई०पी० के अन्तर्गत शिक्षकों को प्राप्त होने वाले शिक्षक अनुदान रु० 500/- प्रति वर्ष का अपेक्षित प्रतिफल कक्षाओं में दृष्टिगोचर हो रहा है।

6. शिक्षकों का सेवारत प्रशिक्षण :-

आधारभूत अध्ययनरत सर्वेक्षण में 60.2% पुरुष शिक्षकों तथा 65.6% महिला शिक्षक द्वारा कोई भी प्रशिक्षण नहीं प्राप्त किया गया था जबकि मध्यसत्रीय मूल्यांकन में 62.4% अध्यापकों द्वारा डायट से प्रशिक्षण प्राप्त [illegible] आधिकरणों (बी.आर.सी./सी.आर.सी.) द्वारा प्रतिमाह प्रशिक्षण कार्यक्रम [illegible] आयोजित किये जाते रहे है।

7. गृहकार्य और उसकी जाँच

आधारभूत तथा मध्यसत्रीय मूल्यांकन सर्वेक्षण में गृहकार्य देने और उसकी जाँच करने के

सम्बन्ध मे विद्यार्थियों और शिक्षकों के कथन में कोई साम्य नहीं पाया गया। आधारभूत सर्वेक्षण में 21.5% पिता और 57.7% माता निरक्षर तथा मध्य सत्रीय मूल्यांकन में 23.6% पिता व 57.7 माता निरक्षर पाये गये।

8. बहुकक्षा शिक्षण :-

आधारभूत सर्वेक्षण में प्रति विद्यालय शिक्षक की औसत संख्या 2.86 पाई गई जो मध्य सत्रीय सर्वेक्षण में 2.34 अर्थात छात्र पंजीकरण / नामांकन की तुलना में पहले से कम है। अतः अधिकतम विद्यालयों में अभी भी बहुकक्षा शिक्षण एक सामान्य प्रक्रिया है। अतः बहुकक्षा शिक्षण के प्रभावी प्रबन्धन में शिक्षकों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है।

9. परीक्षा :-

आधारभूत अध्ययन सर्वेक्षण 0.7% विद्यार्थी कक्षा 5 में एक वर्ष से अधिक रोके हुए पाये गये तथा वर्तमान सर्वेक्षण में ऐसे विद्यार्थियों की सया शून्य रही। इसी प्रकार कक्षा 4 में 1.6% कक्षा 3 में 3.3% विद्यार्थी गत वर्ष अनुत्तीर्ण होने के कारण पुनः अध्ययन करते पाये गये।

सारणी-1 कक्षा-2 के बच्चों का भाषा का लिंग के आधार पर आधारभूत सर्वेक्षण (1997) एवं मध्यसत्रीय अध्ययन सर्वेक्षण (2000) में सम्प्राप्ति का तुलनात्मक अध्ययन।

लिंग	मध्यसत्रीय सर्वेक्षण			आधारभूत अध्ययन सर्वेक्षण			औसत अंतर
	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	संख्या	मध्यमान	मानक विचलन	
बालक	56	58.04	36.04	417	48	28.61	10.04
बालिका	46	62.83	26.34	343	47.55	29.63	15.26
योग	102	60.2[illegible]	31.97	760	47.8	29.35	12.40

